वर्ष-15, अंक-47
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ




**आज का विचार**

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 25 मई 2024

### BJP मतलब जुमलों और अमीरों की सरकार

## बोले मुकेश सहनी .... आप मजबूत करें हमारा हाथ, हम बनेंगे आपकी आवाज



चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
मोतिहारी, लोकसभा चुनाव के पाचवें चरण के प्रचार का आज अंतिम दिन है। ऐसे में आज महागठबंधन के कैंडिडेट के लिए विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने बड़ी चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज मोतिहारी, सीवान, सारण, बेतिया, शिवहर और मुजफ्फरपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलों और अमीरों की सरकार है।

सहनी ने मोतिहारी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सहनी ने स्थानीय सांसद को निशाने पर लेते हुए कहा कि 25 साल से यह यहां कुंडली मारे बैठे हैं, यह न खुद जनता की समस्याओं को सुनते हैं और न ही खुद क्षेत्र के विकास की बात करते हैं। चीनी कारखाना नहीं खुलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे कहा थे कि वे चीनी कारखाना शुरू करवाकर यहीं की चीनी से चाय पिएंगे, लेकिन यह वादा भी जुमला हो गया। इसके आगे चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारी ताकत हैं आप चाहेंगे तो मैं दिल्ली में आपकी आवाज बनूंगा। उन्होंने कहा कि आपकी लड़ाई मैं लड़ूंगा। चुनावी सभाओं में राजद नेता तेजस्वी यादव की उपस्थिति में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव नहीं संविधान बचाने की लड़ाई है। आज भाजपाके लोग गरीब को गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं।

उधर, सहनी ने कहा कि दस साल पहले मोदी जी ने युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए कई वादा किया थे, लेकिन आज एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हम जहां रोजगार और महंगाई की बात कर रहे हैं तो यह जुमला पढ़ रहे हैं। उन्होंने इस सरकार को अमीरों की सरकार बताते हुए लोगों से इस सरकार को उखाड़कर फेंक देने की अपील करते हुए कहा कि आज जरूरत है कि हम अपनी सरकार बनाएं जो गरीबों का कल्याण करे।

## दिवंगत सुशील मोदी के घर पहुंचे अमित शाह

### परिजनों से की मुलाकात



चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
पटना, गुरुवार की शाम पटना पहुंचने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एयरपोर्ट से राजेन्द्र नगर स्थिति दिवंगत सुशील मोदी के आवास पर पहुंचे। जहां सुशील मोदी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्होंने श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। इस दौरान अमित शाह ने सुशील मोदी की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। अमित शाह ने इस घटना पर दुख जताया और शोकाकुल परिवार को ढांढस बढ़ाया।

बता दें कि बिहार बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी की पिछले दिनों दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। वो गले के कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन के बाद बीजेपी के साथ साथ बिहार के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई थी। पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने सुशील मोदी के निधन पर दुख जताया था। लोकसभा चुनाव के बीच सुशील मोदी का निधन बीजेपी के लिए बड़ी क्षति है।

सुशील मोदी के निधन के बाद पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे थे। पटना एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वह राजेंद्रनगर स्थित सुशील मोदी के आवास पहुंचे थे और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी थी। इसके बाद वह बिहार बीजेपी के दफ्तर पहुंचे थे और पार्टी नेताओं के साथ बैठक की थी। पीएम मोदी के बाद अब अमित शाह दिवंगत सुशील मोदी के परिजनों से मिलने पटना पहुंचे हैं। पटना एयरपोर्ट से वो सीधे सुशील मोदी के आवास के लिए रवाना हो गये। जहां सुशील मोदी के परिजनों से मुलाकात की। अमित शाह पटना में आज रात्रि विश्राम करेंगे और शुक्रवार को आरा और जहानाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को लेकर पटना में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है।

### 200 सभा पूरे होने पर तेजस्वी ने हेलिकॉप्टर में काटा केक

## मांझी ने कसा तंज.. केक खरीदा गया था कि वह भी रिश्वत में मंगाया गया था?



चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
पटना, हेलिकॉप्टर से चुनाव प्रचार में जाने के दौरान विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव ने मिलकर हवा में केक काटा। तेजस्वी यादव के 200 सभा पूरे होने पर केक काटा गया। हेलिकॉप्टर में मछली खाने के बाद केक काटने पर नेताओं की बयानबाजी तेज हो गयी है।

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक व गया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी जीतनराम मांझी ने हेलिकॉप्टर में केक काटे जाने पर तंज कसा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि नौकरी के लिए तो ग़रीबों की जमीन लिखवा ली। हेलिकॉप्टर में केक खरीद कर लाया गया था कि वह भी किसी से रिश्वत में ही मंगाया गया था?

200 चुनावी रैली पूरे होने की खुशी में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने मिलकर हेलिकॉप्टर में केट काटा। तेजस्वी और मुकेश सहनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें दोनों हेलिकॉप्टर में केक काटते नजर आए। 200 रैली हो जाने की खुशी में मुकेश सहनी ने तेजस्वी यादव को सरप्राइज दिया और हेलिकॉप्टर में केक कटवाया। केक मुकेश सहनी ने तेजस्वी यादव को गिफ्ट किया। उन्होंने कहा ये केक 200 सभा पूरे होने पर वो काट रहे हैं ताकि विरोधियों को मिर्ची लगे।

### मीसा भारती ने पीएम मोदी पर कसा तंज

## कहा-यदि हमारी सरकार बनीं तो कराऊंगी इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच



चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
पटना, पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि हमने भी मोदी जी जांच करना सीखा है। थोड़ा इंतजार कीजिए यदि हमारी सरकार बनी तो सबसे पहे इलेक्टॉरल बॉन्ड की जांच कराऊंगी।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को पाटलिपुत्र, पटना साहिब, नालंदा, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में मतदान होगा। सातवें चरण में कुल 8 लोकसभा सीट पर चुनाव होगा। चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती का सीधा मुकाबला पाटलिपुत्र लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार व सांसद रामकृपाल यादव से है। मीसा भारती भी चुनाव प्रचार में लगी हैं। वही बेटी के लिए मां राबड़ी देवी भी लोगों से वोट मांग रही है। वो भी चुनाव प्रचार कर रही हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए मीसा भारती ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि देश में हमारी सरकारी बनी तो सबसे पहले इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच करायी जाएगी, क्योंकि हमने भी पीएम मोदी से जांच करना सीखा है। इस बार देश की जनता उन्हें मौका देने नहीं जा रही है भले ही वो 400 पार का नारा लगाए।

## वोटिंग से पहले अरेस्ट हुआ मायावती का कैंडिडेट

### इस लोकसभा सीट से ठोक रखा है अपनी दावेदारी




चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
गोपालगंज, 25 मई को बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। जिसमें एक गोपालगंज लोकसभा सीट भी शामिल है। यहां एनडीए के तरफ से वापस पुराने कैंडिडेट अलोक कुमार सुमन पर भरोसा जताया गया है तो महागठबंधन में यह सीट वीआईपी के खाते में गई है और यहां से प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान को टिकट दिया गया है। लेकिन, सबसे बड़ी बात यह है कि यहां मायावती की पार्टी बसपा भी चुनाव लड़ रही है। मायावती ने यहां सुजीत कुमार को अपना कैंडिडेट बनाया है और अब वोटिंग से पहले ही सुजीत कुमार अरेस्ट हो गए हैं। दरअसल, गोपालगंज सीट से बसपा की टिकट पर सुजीत कुमार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं चुनाव से दो दिन पहले गुरुवार को उनकी गिरफ्तारी हो गई। सुजीत कुमार पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा। गोपालगंज पुलिस ने उनको गिरफ्तार तो किया ही साथ ही उनकी गाड़ी भी जब्त कर ली। उनपर प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गोपालगंज सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से थावे थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी बसपा प्रत्याशी सुजीत कुमार राम ने निर्वाचन कार्यालय से गुरुवार दोपहर 12:00 बजे से 3:00 तक के लिए थावे, गोपालगंज और बरौली प्रखंड में प्रचार-प्रसार और रोड शो के लिए अनुमति ली थी। लेकिन, वो निर्धारित समय के बाद बिना अनुमति अपने वाहन से कुचायकोट थाना क्षेत्र में अपना प्रचार प्रसार कर रहे थे इसके साथ ही जिस गाड़ी से वह प्रचार प्रसार कर रहे थे, उस गाड़ी की अनुमति भी नहीं ली गई थी।

उधर, इस मामले की जानकारी होने के बाद अंचल पदाधिकारी कुचायकोट मणि भूषण कुमार तथा कुचायकोट थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बसपा प्रत्याशी को गिरफ्तार करते हुए उनके वाहन को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिना अनुमति चुनाव प्रचार कर रहे बसपा प्रत्याशी को गिरफ्तार किया गया है। बिना अनुमति वाहन का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए करने पर वाहन भी जब्त कर लिया गया है। प्रत्याशी के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन को लेकर प्राथमिकी की गई है। इस मामले में पुलिस नियमानुकूल आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जाले थाने का थानेदार सस्पेंड

## बोगस वोटिंग में गिरफ्तार 4 लोगों को थाने से छुड़ाने का मामला

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
मधुबनी, 20 मई को मधुबनी समेत 5 लोकसभा सीट पर मतदान हुआ था। चुनाव के दौरान जाले विधानसभा क्षेत्र में बोगस वोटिंग की कोशिश करते 4 लोगों को पुलिस ने पकड़ा था। जिसमें 3 युवती और 1 युवक शामिल थे। इस बात की जानकारी मिलते ही कुछ उपद्रवियों ने चारों को थाने में घुसकर पुलिस अभिरक्षा से बल पूर्वक छुड़ा लिया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस मामले आज मिथिला प्रक्षेत्र के छइुत्र बाबूराम ने कार्रवाई की है। उन्होंने जाले थानेदार बिपिन बिहारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने स्छक्क ज्योति कुमारी को इस मामले की जांच करने को कहा। मामले में एसडीपीओ ने अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंपी। बताया कि देवरा-बंधौली के हक्कानिया मदरसा के बूथ संख्या 85 पर फर्जी मतदान करने के आरोप में सेक्टर मजिस्ट्रेट ने 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसके बाद सभी को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था।

रात के 11 बजे 150 से 200 की संख्या में उपद्रवी थाने पर आये और बल पूर्वक चारों को छुड़ाकर अपने साथ ले गये। इतनी बड़ी संख्या को पुलिस नहीं रोक पाई। थानेदार भी उन्हें रोक पाने में विफल रहे। वरीय पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना समय पर नहीं दी गयी। एसडीपीओ की रिपोर्ट के बाद जाले थानेदार बिपिन बिहारी को सस्पेंड कर दिया गया है। मिथिला प्रक्षेत्र के छइुत्र बाबूराम ने कार्रवाई की है।

## बिहार के 54 शहरों के लिए पटना से चलेगी नई बसें

### नीतीश सरकार ने तैयार किया ख़ास प्लान

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
पटना, बिहार के अलग-अलग शहरों को सीधा राजधानी पटना से जोड़ने के लिए राज्य सरकार काफी तत्परता से काम कर रही है। यही वजह है कि सड़कों के निर्माण करवाए जा रहे हैं और अब वाहनों की भी सुविधा को लेकर सरकार योजना बना रही है। ऐसे में अलग-अलग शहरों से राजधानी पटना को बेहतर करनेक्टिविटी देने के लिए नीतीश सरकार ने नई बसें चलाने का फैसला किया है। दरअसल, पटना से राज्य के 54 शहरों के लिए नई बसें चलाने की योजना है। ये बसें पटना से विभिन्न मार्गों और छोटे शहरों-कस्बों को जोड़ते हुए गंतव्य शहर तक चलेंगी।

इन रूटों पर बसों के परिचालन को लेकर रिक्तियों को सार्वजनिक करने के बाद आगे की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। राज्य के 120 मार्गों पर नई बसें चलाने की योजना पर अमल शुरू हो गया है। इन मार्गों पर कुल 376 बसों की जरूरत है। मालूम हो कि राजधानी पटना से सम्बद्ध रुटों पर यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन, जरूरत के अनुसार इन मार्गों पर बसों का परिचालन नहीं हो पा रहा है। लिहाजा, राज्य सरकार ने पटना से जुड़े मार्गों पर नई बसों का परिचालन शुरू करने की योजना बनाई है। पिछले दिनों समीक्षा के दौरान यह बातें सामने आई थी कि राजधानी आने वाले लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अब इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार की तरफ से यह योजना तैयार की जा रही है।

सरकार की तरफ से भागलपुर, बांका, पूर्णिया, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सीवान, खगड़िया, मधेपुरा, भभुआ, बेगूसराय, मझुबनी, सुपौल, दरभंगा, समस्तीपुर, किशनगंज, मुंगेर, बेतिया, सासाराम, जयनगर, औरंगाबाद, नवादा के लिए नई बस चलाई जाने की योजना है। इसके अलावा देव, आदापुर, लौकहा, वीरपुर, डेहरी, लहेरियासराय, झंझारपुर, पाली, तेलपा, जमालपुर, मधवापुर, पिपरौन, बेला, परसौनी, कुनौली, अंधरामठ, मधेपुर, विशुनपुरा, सिकटा, अख्ता, भिट्ठामोड़, भिसुआ बाजार, रसियारी, गोह, सिकन्दरा, निर्मली, कुचाईकोट, साहरघाट, कटैया, पगड़ा, जन्दाहा, चेनारी, कौआकोल के लिए भी नई बस चलाई जाएगी। ये बसें बैरिया बस स्टैंड, फुलवारी बस टर्मिनल और गांधी मैदान से खुलेंगी।